दिन– सोमवार दिनांक– 16 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने स्पष्ट किया – जमीन सर्वे के लिए कोई अंतिम समय सीमा निर्धारित नहीं की गयी है। लोगों की संतुष्टि तक जारी रहेगा सर्वे।

02. मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद गया, नवादा और अरवल समेत राज्य के दक्षिणी हिस्से में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

03. स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से होगा शुरू। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार हाजीपुर से करेंगे राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत।

04. और, पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि जमीन सर्वे के लिए कोई अंतिम समय सीमा निर्धारित नहीं की गयी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लोगों की संतुष्टि तक सर्वे का काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक लोग अपने सभी तरह के कागजात उपलब्ध नहीं करायेंगे, सर्वे जारी रहेगा। श्री चौधरी ने कहा कि भूमि संबंधित कागजातों को सर्वे कार्यालय में ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करने की कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं की गयी है और आगे भी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि विवाद खत्म करने लिए सर्वे का काम चल रहा है। इसे लेकर लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

---

मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र में बने गहरे दबाव के कारण आज प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि रोहतास, कैमूर और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गया, नवादा और अरवल जिले में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो

अलर्ट जारी किया गया है। पटना समेत राज्य के शेष दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

---बाईट---

इधर, देर रात राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है।

---

औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखंड के बटाने और बतरे नदी में अचानक बाढ़ आ जाने से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता––

---बाईट---

बटाने नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने के कारण बिराज बिगहा गांव में नदी के किनारे बसे दर्जनों लोगों के घर डूब गए। पीड़ितों ने बताया कि अचानक बाढ़ आने से घर में रखे सामान बह गए। कई पशुओं के भी बाढ़ के पानी में बह जाने की खबर है। बाढ़ पीड़ितों ने ऊंचे स्थानों पर शरण ली है। इधर, घेउरा और धान नेवड़ा गांव के दर्जनों लोग अचानक बाढ़ आ जाने से बटाने नदी के बीच में फंस गए जिन्हें प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्थिति अभी भी सामान्य नहीं हुई है। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

इधर, कैमूर जिले के करकटगढ जलप्रपात में जलस्तर अचानक बढ़ जाने से पिकनिक मनाने आए छह सैलानी फंस गए। एसडीआरएफ की मदद से सैलानियों को सुरक्षित बचाने का प्रयास जारी है।

---

प्रदेश में डेंगू के मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवासी नए मामलों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक बयालीस मरीज पटना से हैं। वहीं, औरंगाबाद जिले में आठ, समस्तीपुर में सात तथा गया और मुजफ्फरपुर में छह–छह मामलों की पुष्टि हुई है। इसके अलावा मधुबनी और नालंदा से तीन–तीन, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और सारण जिले से डेंगू के दो–दो मरीज मिले हैं। वैशाली, सुपौल, नवादा, मुंगेर, गोपालगंज, बेगूसराय, भागलपुर और बांका में भी डेंगू के एक–एक मरीज की पुष्टि हुई है। एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नीरज निश्चल ने डेंगू के लक्षणों के बारे में जानकारी दी।

---बाईट---

---

स्वच्छता ही सेवा अभियान, दो हजार चौबीस कल से शुरू होगा और दो अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता रखा गया है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार कल हाजीपुर से राज्य स्तरीय स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत करेंगे। बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में श्री कुमार स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी करेंगे। इस अवसर पर सफाई कर्मियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें इनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही छियालीस हजार पदों पर नियुक्तियां होंगी। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि नई नियुक्तियों में नर्स के बारह हजार पद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न प्रखंडों में जल्द ही एक हजार अतिरिक्त टीकाकरण कॉर्नर खोले जायेंगे।

---

राज्य सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाने में सभी जिलाधिकारियों को सहयोग करने का निर्देश दिया है। बिजली कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पंकज कुमार पाल ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि वर्ष दो हजार पच्चीस तक राज्यभर में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। लेकिन कुछ जगहों पर बिजली उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया जा रहा है। सभी जिलाधिकारियों को विद्युत कंपनी के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

---

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

आज अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। ओजोन परत पृथ्वी को सूर्य की किरणों के हानिकारक प्रभावों से बचाती है। लोगों को ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाली रासायनिक पदार्थों का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष सोलह सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष ओजोन दिवस का विषय है– मांट्रियल प्रोटोकॉल–जलवायु के क्षेत्र में आगे बढ़ते कदम।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल से पुलिस ने दस किलो से अधिक चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त चरस का बाजार मूल्य एक करोड़ रूपये से अधिक बताया जाता है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर नेपाल से चरस ला रहे थे। गिरफ्तार तस्करों में से एक की पहचान हरैया स्थित मध्य विद्यालय के शिक्षक शैलन्द्र कुमार के रूप में हुयी है। गिरफ्तार तस्करों को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तीसरे चरण के तहत कक्षा एक से पांच तक की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। यह उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---

शिक्षा विभाग ने सीवान जिले के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रवण कुमार को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने इस संबंध में आदेश निर्गत किया है।

---

शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठवीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा अठारह सितंबर से शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगन्द्र सिंह ने इस संबंध में सभी जिला पदाधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान एक बेंच पर केवल दो परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की जाए। साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान निर्धारित समय पर छात्रों को मध्याह्न भोजन देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

---

दरभंगा में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका अंडर–नाईंटिन कबड्डी प्रतियोगिता में पटना की टीम विजेता बनी है। पटना की टीम ने बेगूसराय को पराजित किया। वहीं, सीवान और भोजपुर की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।

---

पटना में आयोजित बिहार वॉलीबॉल लीग में मगध सेटर्स की टीम विजेता बनी है। कल खेले गए फाइनल मैच में मगध सेटर्स ने नालंदा डिफेन्डर्स को तीन–शून्य से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

---

राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल–कूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के खेल क्लब के पंजीकरण के लिए पोर्टल की शुरूआत की है। खेल विभाग ने कहा है कि इस पोर्टल के माध्यम से चौदह अक्टूबर तक पंजीकरण करवाया जा सकता है।

---

त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने आज से गया और पटना के बीच एक जोड़ी मेमू पैंसेजर ट्रेन के परिचालन की शुरूआत की है। यह ट्रेन इकतीस दिसम्बर तक चलेगी।

---

बेगूसराय जिले के लोहियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरी मुहल्ला से पुलिस ने एक अपराधी को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पुलिस को सोना लूट के एक मामले में तलाश थी।

---

खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात अपराधी रौशन सिंह को हथियार और चोरी की तीन मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–सत्तावन पर पुलिस ने एक ट्रक से छप्पन मवेशियों के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल के राघोपुर थाना क्षेत्र के गद्दी चौक के पास ऑटो रिक्शा और मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी।

---

खबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड से छह वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी। पटना–टाटा समेत बिहार को मिली चार वंदे भारत ट्रेन।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – केजरीवाल का बड़ा दांव, छोड़ेंगे सीएम का पद।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – जल्द खरीद सकेंगे नौ कैरेट सोने से बने हॉलमार्किंग गहने।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – भोजपुर और बक्सर में गंगा का जलस्तर चेतावनी स्तर के पार पहुंचा। तीस गांवों में बाढ़ का खतरा।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – एनएमसी के पोर्टल पर डॉक्टरों का पंजीकरण शुरू।

**आज** अखबार की सुर्खी है – मोदी सरकार की एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करने की तैयारी। मौजूदा कार्यकाल में ही बिल लाएगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य सरकार ने स्पष्ट किया – जमीन सर्वे के लिए कोई अंतिम समय सीमा निर्धारित नहीं की गयी है। लोगों की संतुष्टि तक जारी रहेगा सर्वे।

02. मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद गया, नवादा और अरवल समेत राज्य के दक्षिणी हिस्से में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

03. स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से होगा शुरू। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार हाजीपुर से करेंगे राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत।

04. और, पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।